SABGURU NEWS

RNI TATLE CODE NO.RAJBIL27046

सबगुरु न्यूज़ डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक https://www.facebook.com/sabgurunews
वेबसाइट लिंक https://www.sabguru.com
यूट्यूब चैनल लिंक
https :// www. youtube .com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link: https :// www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

सम्पादक -विजय सिंह

मो. 9887907277 Email ID.sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

24 घंटे समाचारों का अपडेट
QRCode स्कैन कर website पर visit करें

वर्ष 1 | अंक 4 | अजमेर, गुरुवार 10 अगस्त 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

सम्पादकीय

## भंगार को चूरमा जैसे हजम करने में महारथ

अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के फैसले ने स्मार्ट सिटी के आला अफसरों भूमाफियाओ, ठेकेदारों और गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले राजनेताओं के खाने कमाने का एक और रास्ता खोल दिया है। यह कहना गलत ना होगा कि पहले इन्हीं की बदौलत आनासागर को छिन्न-भिन्न करने की साजिश रची गई और अब ये ही ट्रिब्यूनल के फैसले की आड़ में कमा खाएंगे। यानी समस्या भी इन्हीं की पैदा की हुई और निदान भी इन्हीं के जिम्मे। यानी चोर ही चोर को पकड़े और फिर साहूकार बन मलाई खाए।

कुछ ऐसी ही बानगी हाल ही आनासागर झील में लगाए गए फ्लोटिंग ब्रिज के मामले में भी देखने में आई। ब्रिज लगा तो खूब खबरें और फोटो छपीं। ब्रिज ने निर्धारित जिंदगी जीने से पहले ही दम तोड़ दिया। यह बात अलग है कि जिंदा हाथी लाख का मरा सवा लाख का वाली तर्ज पर भंगार हुआ ब्रिज मालामाल कर गया। ब्रिज के अवशेष कहां हैं किसी को कोई खबर नहीं।

कुछ ऐसा ही हाल पूर्व में आनासागर झील के किनारे पर सुरक्षा कवच के लिए लाखों रुपए खर्च कर करीब 5 फीट ऊंचाई तक की लगाई गई रैलिंग का भी हुआ। पाथ.वे निर्माण के दौरान निकाली गई रैलिंग भी निपटा दी गईं। एलिवेटेड रोड का सपना सच हुआ लेकिन यह गेल इंडिया की ओर से बरसों पहले स्टेशन रोड के डिवाइडर पर लगाई गई रैलिंग को लील गया। ये किसके हिस्से में गई कौन डकार गया रेलवे स्टेशन के सामने फुटओवर ब्रिज का लोहा कौन निगल गया?

अजमेर की भोली भाली जनता के लिए यह जानना जरूरी हो गया है कि जब बाड़ ही खेत को खा रही है तो रखवाली का जिम्मा किसको सौंपे। नगर परिषद से नगर निगम बनने के बाद सभापति से मेयर व पार्षद से काउंसलर पद का तमगा लगाकर वातानुकूलित चौपहिया वाहनों में बैठे बैठे रुआब झाड़ने वालों ने किसका भला किया सिर्फ खुद के सिवा।

अब चौपाटी किनारे बनाए गए सेवन वंडर्स और पाथ-वे को तोड़ने की बातें चल पड़ी हैं। अगर ये भी टूटते हैं तो इसका महंगा मलबा.पत्थर जीमने वाले अभी से चटखारे लेने लगे हैं। टूटना मुश्किल है शिफ्टिंग की बात कोई नहीं कर रहा है। 100 करोड़ का चूरमा बनाकर जीमने वाले सूरमा अब क्या गली निकालते हैं यह देखना रोमांचक होगा।

## जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट को आगामी 5 सितम्बर तक बढ़ाया




जयपुर। राजस्थान में सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके प्रति लोगों को जागरूक करने तथा उनका वास्तविक लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए शुरू की गई जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट् को आगामी पांच सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार देर रात सोशल मीडिया पर कहा कि जनता की उत्सुकतापूर्ण भागीदारी रुचि एवं उत्साह के दृष्टिगत जनता की भावना के सम्मान में जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट को पांच सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। गहलोत ने कहा कि आप सभी इस मौके का लाभ लेते हुए रचनात्मक वीडियो बनाएं और रोज़ आकर्षक इनाम पाएं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा आमजन को जन हितैषी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी देने तथा योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन को सम्मानपूर्वक सुनिश्चित रूप से प्रदान करने के लिए गत सात जुलाई से छह अगस्त तक सोशल मीडिया पर ऑनलाइन वीडियो प्रतियोगिता जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट आयोजित की गई और अशोक गहलोत ने सात जुलाई को इसकी शुरुआत की थी।इसमें विजेताओं को प्रतिदिन प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपए की राशि दी जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन 1000 रुपए के 100 प्रेरणा पुरस्कार भी दिएजा रहे हैं। इससे लोगों में इसके प्रति भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## राहुल गांधी का 'फ्लाइंग किस' महिलाओं का अपमान -स्मृति ईरानी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष की ओर से लाए प्रस्ताव के विरोध में अपने सम्बोधन के दौरान आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण के अंत में फ्लाइंग किस किया जो महिला सांसदों का अपमान है। ईरानी ने कहा कि जिन्हें मुझसे पहले बोलने का मौका दिया गया था उन्होंने जाने से पहले अभद्रता की है। इस तरह का अमर्यादित व्यवहार देश की संसद में इससे पहले कभी नहीं देखा गया। यह सदन की महिला सदस्यों का अपमान है। यह इस खानदान के लक्षण हैं। बाद में ईरानी ने सदन से बाहर संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि इससे पहले संसद में किसी व्यक्ति का महिलाओं के प्रति नफरत करने वाला व्यवहार देखने को नहीं मिला। संसद जहां महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए कानून बनाए जाते हैं। वहां महिलाओं से नफरत करने वाला व्यवहार देखने को मिला। सवाल है कि क्या उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि कुछ महिला सांसदों ने इस मामले की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। महिला सांसदों ने अपने पत्र में कहा है कि केरल में वायनाड लोकसभा क्षेत्र से सांसद गांधी ने ईरानी के साथ अमर्यादित व्यवहार और अनुचित इशारा किया है। गांधी का व्यवहार संसद की गरिमा के विपरीत है। वे गांधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती हैं।


## रीवा में दो बहनों से गैंगरेप 5 आरोपी अरेस्ट, 2 की तलाश

### सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर खुला राज

रीवा। मध्यप्रदेश के रीवा जिले के हनुमना थाना क्षेत्र में दो बहनों से गैंगरेप की घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वतरू इस मामले में संज्ञान लिया। इस मामले में कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया। जिनमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गैंगरेप का एक वीडियो दो दिन पूर्व सोशल मीडिया में वायरल हुआ। वीडियो पुलिस के पास पहुंचने पर मामले में संज्ञान लिया गया। पुलिस ने इस मामले से जुड़े सात आरोपियों की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है। घटना लगभग 25 दिन पूर्व की है जिसका वीडियो आरोपियों में से ही एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया में वायरल किया गया है।

सूत्रों के अनुसार लगभग पच्चीस दिन पूर्व दो लड़किया पिपराही के जंगल में गई थी। वहां से वापस अपने घर लौट रही थी तभी आरोपियों ने उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपियों ने उन्हें किसी को कुछ नहीं बताने की धमकी देकर छोड़ दिया था। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

## ज्ञानवापी में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की याचिका खारिज



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग में दाखिल जनहित याचिका वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दी है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर एवं न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मंगलवार को दिया।वाराणसी की अदालत में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की अनुमति के लिए मुकदमा दाखिल करने वाली राखी सिंहए जितेंद्र सिंह बिसेन व अन्य की ओर से दाखिल जनहित याचिका में कहा गया था कि श्रृंगार गौरी केस में जब तक वाराणसी की अदालत का फैसला नहीं आ जाता तब तक परिसर में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए और ज्ञानवापी परिसर में मिले हिंदू प्रतीक चिन्हों को संरक्षित रखने का आदेश दिया जाए।

अदालत का कहना था कि याची ने वाराणसी कोर्ट में सिविल वाद दायर कर रखी है। वह जो कुछ आदेश उच्च न्यायालय से लेना चाह रही है वह सब कुछ वाराणसी की निचली अदालत में भी अर्जी दाखिल कर मांग कर सकती हैं। याची के इस कथन पर कि वह अपनी बात लोवर कोर्ट वाराणसी में रखेगी इस आधार पर उसके द्वारा याचिका वापस लेने पर खारिज कर दिया।

# केकड़ी जिले का स्थापना कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित

अजमेर। केकड़ी जिले का स्थापना कार्यक्रम केकड़ी के पटेल मैदान में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीसी के माध्यम से संबोधित किया।मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि आज जन भावना के सम्मान का दिन है। इससे सरकार के प्रशासनिक कार्य सुविधाजनक होंगे। नए 3 संभाग और 19 जिले बनना एक शुरुआत मात्र है। राजस्थान की पहचान रेगिस्तान से हटकर जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने वाले राज्य के रूप में होने लगी है। यह राजस्थान का दमखम है कि कई क्षेत्रों में अग्रणी है। राजस्थान 2030 में सबसे अग्रणी राज्य होने की मंशा के साथ आगे बढ़ रहा है। खनिज पेट्रोलियम एवं गोपालन विभाग मंत्री प्रमोद जैन भाया ने कहा कि सरकार द्वारा आमजन से किया गया प्रत्येक वादा निभाया गया है। सरकार ने नए 19 जिले तथा 3 संभाग बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। बजट घोषणा को मूर्त रूप देकर जनकल्याणकारी सरकार सरकार होने का प्रमाण दिया है। बारां को जिला बनाने के लिए 20 वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा। इसी प्रकार डॉ. रघु शर्मा ने भी केकड़ी को जिला बनाने के लिए लंबा संघर्ष किया। उस संघर्ष का परिणाम आज सभी के सामने है। समस्त विभागों से सीधा जुड़ने के कारण आमजन के कार्य त्वरित गति से होंगे। उन्होंने कहा कि केकड़ी जिले का



अलग से बजट होने के कारण विकास को गति मिलेगी। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण आमजन का जीवन सुविधा पूर्ण बना है। बिजली के लिए फ्री यूनिट बढ़ी हुई पेंशन तथा निःशुल्क उपचार जैसे कार्यों ने गरीब व्यक्ति का जीवन आसान बनाया है। केकड़ी का विकास अनवरत जारी रहने के लिए सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान भी किया।पूर्व मंत्री तथा केकड़ी विधायक डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि राज्य में नए जिलों के गठन के लिए तीन बार कमेटियों का निर्माण हुआ था। केकड़ी को जिला बनाने के लिए तीनों बार ही अपनी दावेदारी प्रस्तुत की गई। वर्तमान सरकार ने इसे गंभीरता से लिया। उसके परिणाम स्वरूप आज का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। यह सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जिला स्तर के 55 से अधिक कार्यालय शीघ्र ही यहां से संचालित होने लगेंगे। इससे गरीब को आसानी से घर के पास ही न्याय मिलने की सुविधा होगी। विभिन्न कार्यालयों तथा सिविल लाइन के लिए आवश्यक भूमि के आवंटन की कार्यवाही अंतिम चरण में है। समस्त कार्यों के धरातल पर उतारने में थोड़ा समय लगेगा।उन्होंने कहा कि केकड़ी का विकास तीव्र गति से हुआ है। केकड़ी के अजमेरी गेट स्थित पुराने अस्पताल से शुरू हुआ सफर आज जिला चिकित्सालय के रूप में मंजिल तक पहुंचा है। यह सफर यहीं तक नहीं रुकने वाला है। यहां मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रत्येक 3 किलोमीटर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। शिक्षा में भी कृषि महाविद्यालयए होम्योपैथिक महाविद्यालय जैसे कार्य किए गए।उन्होंने कहा कि नए राजस्व ग्रामए नई ग्राम पंचायतें नई पंचायत समितियां नए उपखंड बनने के साथ ही विभिन्न विकास कार्य भी करवाए गए। नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बराबर विकास कार्य कराने का लक्ष्य रखा गया। यह कार्य आगे भी जारी रहेंगे। सरकार ने लगातार विकास कार्य किए हैं। गरीब व्यक्ति को केंद्र में रखकर योजनाएं बनाई गई। इससे आमजन का जीवन स्तर सुधरा है।

पूर्व संसदीय सचिव ब्रह्मदेव कुमावत ने कहा कि स्थानीय विधायक डॉ. रघु शर्मा ने क्षेत्र की समस्याओं का चिन्हीकरण ग्राम पंचायत स्तर तक किया। इससे समस्याओं का निराकरण करने में आसानी रही। भिनाय को केकड़ी जिले के साथ जोड़ने से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। टोडारायसिंह के नगर पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि टोडारायसिंह को केकड़ी जिले का भाग बनने पर विकास को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक गतिविधियां एवं शिक्षा के क्षेत्र में वृद्धि होगी।सागर शर्मा ने कहा कि केकड़ी जिले का स्थापना कार्यक्रम अपने आप में अभूतपूर्व रहेगा। इस शुभ दिन के साक्षी बनने पर समस्त केकड़ी वासियों को बधाई दी गई। केकड़ी के विकास का 2008 से देखा गया सपना आज पूरा हुआ है। इसके लिए केकड़ी वासियों ने लंबा संघर्ष किया है। आज का दिन प्रत्येक क्षेत्रवासी के लिए गर्व का दिन है। केकड़ी का कस्बे से जिला बनना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. रघु शर्मा के द्वारा दूरदर्शी सोच के साथ कार्य किया गया। क्षेत्र का विकास घर का कार्य समझकर किया। केकड़ी अजमेर जिले में सबसे दूरस्थ क्षेत्रों में से एक था। इस दूरी के कारण सामान्य व्यक्ति के कई कार्य देरी से होते थे। इस पीड़ा को समझ कर विधायक स्तर से कार्य आरंभ किए गए। सरकार ने केकड़ी को जिला बनाने का निर्णय लिया। आमजन को कार्य के लिए आवश्यक अधिकारी एवं कार्यालय घर के पास ही उपलब्ध हो पाएंगे। केकड़ी के जिला बनने से विकास कार्यों में तेजी आएगी।केकड़ी जिला गठन की अधिसूचना का पठन विशेषाधिकारी एवं कलक्टर खजान सिंह ने किया। समारोह में धन्यवाद ज्ञापन उपखंड अधिकारी विकास पंचोली ने किया। समारोह का शुभारंभ हवन एवं पूजन के साथ हुआ। पूजा पंडित परमेश्वर मिश्र ने कराई। कार्यक्रम में शंभू दास महाराजए वैष्णव दास महाराज तथा महन्त कैलाश दास महाराज का आशीर्वाद मिला। साइमन मॉरिस पादरी ने भी संबोधन दिया।

इस अवसर पर उप जिला प्रमुख हगामी लाल चौधरीए प्रधान होनहार सिंह, घीसी देवी, संपत राज जैन, सीता देवी गुर्जर, सभापति कमलेश कुमार साहू, छगन कंवर, विश्वजीत सिंह, श्याम लाल बैरवा, समरवीर सिंह शक्तावत, गिरधारी लाल गुर्जर, राम प्रसाद साहू, हाजी अब्दुल रशीद, हेमंत जैन, कन्हैया लाल माली, शक्ति प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजकुमार गुप्ता, उपखंड अधिकारी छत्रपाल चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश आर्य सहित गणमान्य नागरिकए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नए परिसीमांकन के बाद अजमेर जिले में रहेगी 5 विधानसभा सीटें

अजमेर। राजस्थान में नए परिसीमांकन के बाद अस्तित्व में आए नवीन जिलों के कारण अजमेर जिला का स्वरूप भी नया दिखाई दे रहा है।अजमेर जिले से केकड़ी और ब्यावर को नया जिला बना दिए जाने के बाद ये दोनों विधानसभा सीटें अब अजमेर से अलग हो गई है। जिले में महज पांच विधानसभा सीटें ही रह गई है। इन विधानसभा सीटों में अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, किशनगढ़, पुष्कर और नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र रहेंगे जबकि ब्यावर जिले में ब्यावर एवं मसूदा विधानसभा क्षेत्र रहेंगे।

इसी तरह नवगठित केकड़ी जिले में भी केकड़ी विधानसभा क्षेत्र स्वतंत्र अस्तित्व वाला कहलाएगा। उल्लेखनीय है कि अजमेर जिले में आठ विधानसभाएं आती थी लेकिन नए जिलों के गठन के बाद ब्यावर, मसूदा व केकड़ी विधानसभा क्षेत्र जिले से अलग हो गए हैं।

## जिला बनने के बाद ब्यावर में पुलिस ने पकड़ी एक किलो अफीम

अजमेर। ब्यावर जिला बनने के बाद मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध पहली कार्रवाई में एक किलो अफीम बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ;अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच की टीम की सूचना पर की गई। मंगलवार को एक प्राइवेट ट्रैवल्स बस से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से उच्च क्वालिटी की एक किलो अफीम बरामद की हैए जो वह जोधपुर में मजदूरी करने वाली लोगों को सप्लाई करने जा रहा था।एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच की सूचना पर ब्यावर जिले की सदर थाना पुलिस की टीम ने एक प्राइवेट ट्रैवल्स कंपनी की स्लीपर कोच बस से जोधपुर जा रहे तस्कर शंभू सिंह निवासी गोविंदपुरा थाना पिड़ावा जिला झालावाड़ को गिरफ्तार कर एक किलो उच्च कोटि की अफीम जब्त की।

पूछताछ में आरोपी ने यह अफीम गांव के ही रहने वाले गोवर्धन राजपूत से लाकर जोधपुर में मजदूरी करने वाले लोगों को देने जाना बताया। फिलहाल थाना पुलिस आरोपी से मादक पदार्थों की खरीद.फरोख्त एवं इनके नेटवर्क के संबंध में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

## होंडा ने लॉन्च की नई मोटरसाइकिल एसपी 160 कीमत 117500 रुपए

नई दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी नयी मोटरसाइकिल एसपी160 लॉन्च करने की आज घोषणा की जिसकी दिल्ली में शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 117500 रुपए है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि बोल्डए स्पोर्टी और स्टाइलिश एसपी160 को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह अपने परफॉर्मेन्स और पावर के साथ रोज़मर्रा की राइड के लिए उपयोगी है। इसे दो मॉडल में उतारा गया है जिसमें सिंगल डिस्क मॉडल की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 117500 रुपए और ड्यूल डिस्क की कीमत 121900 रुपए है।



उसने कहा कि राइडरों की पसंद को ध्यान में रखते हुए नई एसपी160 को डिज़ाइन किया गया हैए जो स्पोर्टी फीचरों के साथ व्यवहारिकता का संयोजन है। एसपी160 में ओबीडी2 कम्प्लायन्ट होंडा का मिड साइज़ अडवान्स्ड 160 सीसी प्रोग्राम्ड फ्यूल इंजेक्शन ;पीजीएम एफआई इंजन है। इंजन का सोलेनॉयड वॉल्व इंजन स्टार्ट और वार्मअप के दौरान ऑटोमेटिक चोक मैकेनिज्म की तरह काम करता है। यह इग्निशन और इंजन वार्म अप के समय इंजन को अतिरिक्त एयर देता है।सोलेनॉयड वॉल्व की ओपनिंग और क्लोज़िंग का नियरण इंजन कंट्रोल युनिट के द्वारा किया जाता ह जो इंजन ऑयल के टेम्परेचर और इनटेक एयर के प्रेशर पर निर्भर करता है। उसने कहा कि नई एसपी160 सिंगल चैनल एबीएस ;एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम सड़क पर ब्रेकिंग के परफॉर्मेन्स को बेहतर बनाता है। यह अचानक ब्रेक लगाने की स्थिति में या फिसलन भरी सड़क पर पहियों को लॉक होने से रोकता है।पैटल डिस्क ब्रेक एक समान हीट के वितरण से ब्रेकिंग की दक्षता में सुधार लाता है। फ्रंट और रियर डिस्क ब्रेक ब्रेकिंग को प्रभावी बनाकर नियन्त्रण को बेहतर बनाते हैं। सीट के नीचे हाई परफॉर्मेन्स रियर मोनो शॉक सस्पेंशन है जिसे अडवान्स्ड टफ और फ्लेक्सिबल डायमण्ड फ्रेम पर माउंट किया गया है। यह राइडर को आरामदायक बनाकर उत्कृष्ट स्थिरता देते हैं।

# विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु बहुप्रतीक्षित ब्लॉक बस्टर कुशी में अपने रोमांस के साथ स्क्रीन पर धूम मचाने को तैयार




मुंबई। विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु की शानदार जोड़ी अपकमिंग फिल्म कुशी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को लेकर खूब चर्चा है। फैन्स सांसें रोक कर फिल्म में विजय और सामंथा की केमिस्ट्री को देखने का इंतजार कर रहें है। वहीं फिल्म ने पहले ही अपने गानों से दर्शकों को दीवाना कर दिया है और जिसमें विजय और सामंथा के सीन्स भी कुछ कम नहीं हैं। कुशी के रिलीज़ हुए गानों तू मेरी रोजा अराध्या और फिल्म के टाइटल ट्रैक के साथ पहले ही प्यार के मौसम के आने का एलान हो चुका है।दरअसल कुशी एक खूबसूरत, आसानी से समझ में आने वाली प्रेम कहानी है जो दो युवा दिलों के जीवन को दर्शाती है जो सुंदरता रोमांस और फिर असली दुनिया में प्यार के साथ आने वाले मुश्किलों और क्लेशों का सामना करते हैं।विजय देवरकोंडा की इमेज हमेशा से ही बॉय नेक्स्ट डोर की रही हैए जिसे एक्टर ने अपने दम पर बनाया है और उनमें ईमानदारी और आकर्षण है जो उन्हें प्यारा बनाता है। वह खुद एक सिंपल फैमिली से आते हैं और उन्होंने देशभर में अपना फैन बेस बना लिया हैं। दूसरी तरफसामंथा रुथ प्रभु खूबसूरती और टैलेंट की एक परफेक्ट मिसाल के साथ स्टारडम तक एक फीनिक्स के रूप में उभरी हैं और नए जमाने की महिला का प्रतीक रही हैं जो मजबूत और कड़ी मेहनत करने वाली है लेकिन फिर भी विनम्र हैं और अपनी सफलता का श्रेय अपने कंधों पर उठाती हैं।बड़े पर्दे पर प्यार और रोमांस को फिर से परिभाषित करने के लिए इन दो पावरहाउस के एक साथ आने के बारे में बात करते हुए निर्देशक शिव निर्वाण ने कहा कि मैं हमेशा ऐसे अभिनेताओं के साथ काम करना पसंद करता हूं जो किरदार में जान डालने के लिए बिना किसी डर और झिझक के अभिनय कर सकें। विजय और सैम सचमुच निडर अभिनेता हैं। वे ऐसे अभिनेता हैं जो फिल्म में दी गई भूमिका के लिए अपना सब कुछ झोंक देते हैं। उनके पास एक्टिंग के लिए एक सहज ज्ञान। भले ही उनका प्रदर्शन उनकी क्षमता और ताकत से एक प्रतिशत कम हो वे समझौता नहीं करेंगे। मैं सैम को माजिली से जानता हूं और मैं उनकी अभिनय क्षमताओं का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।विजय एक बड़ा सरप्राइज है और हमारे पास मौजूद महान अभिनेताओं में से एक है। उनका सहज और रियलिस्टिक एक्टिंग किसी भी निर्देशक के लिए अच्छी बात है। यह बहुत अच्छा अहसास है कि मैं उन दोनों को निर्देशित कर रहा हूं। मैं कुशी कपल से और क्या मांग सकता हूं इन दो महान अभिनेताओं की केमिस्ट्रीए अभिनय किरदारों के बारे में समझ और बारीकियों ने मेरी स्क्रिप्ट में जान फूंक दी। विजय और सैम के बिनाए यह ऐसा कभी नहीं होता। यह बिल्कुल जादुई है। आप सभी को 1 सितंबर से स्क्रीन पर जादू देखने को मिलने वाला है।कुशी शिव निर्वाण द्वारा लिखित और निर्देशित हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में विजय देवरकोंडा और सामंथा रुथ प्रभु मुख्य भूमिका में हैं। कुशी 1 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



*अजमेर। बरसाती पानी की भारी आवक होने के बाद अजयसर गांव के ग्रामीणों ने समाजसेवी सुभाष चंद काबरा के नेतृत्व में सामूहिक प्रयास से फूलसागर में मिट्टी डालकर पाल को टूटने से बचाया।*

# एपी ढिल्लों - फर्स्ट ऑफए काइंड का प्रीमियर 18 अगस्त को




नई दिल्ली। भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन डेस्टिनेशन प्राइम वीडियो ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित डॉक्यू सीरीज. एपी ढिल्लों फर्स्ट ऑफए काइंड की एक ख़ास झलक पेश की। पर्दे के पीछे की गहराई में उतरकर यह मनोरंजक अमेज़ॅन ओरिजिनल सीरीज़ एपी ढिल्लों की स्व.निर्मित सुपरस्टार और वैश्विक संगीत आइकन बनने की दिलचस्प यात्रा के बारे में बताएगी। यह सीरीज़ न केवल दर्शकों को बांधें रखने का वादा करती हैए बल्कि इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक प्रेरणा के रूप में भी काम करना है।वाइल्ड शीप कंटेंट और रन.अप रिकॉड्र्स के सहयोग से पैशन पिक्चर्स द्वारा निर्मित सीरीज निर्देशक जय अहमद ने इसका निर्देशन किया है। डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ का प्रीमियर 18 अगस्त को भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। एपी ढिल्लों फर्स्ट ऑफए काइंड प्राइम सदस्यता में नवीनतम जोड़ी गई है। भारत में प्राइम सदस्य केवल 1499वर्ष में एकल सदस्यता के साथ बचत, सुविधा और मनोरंजन का आनंद लेते हैं। यह सीरीज़ प्रिव्यू हमें उस व्यक्ति की कहानी की एक झलक प्रदान करता हैए जिसे दुनिया अमृतपाल ढिल्लों या एपी ढिल्लों या एपी के नाम से जानती हैए जो छह अंतरराष्ट्रीय नंबर 1 हिट और दुनिया भर में एक अरब से अधिक स्ट्रीम के साथ हमारी पीढ़ी के सबसे विपुल कलाकारों में से एक हैं। एपी ढिल्लों ने कहा कि जब मैंने गुरदासपुर से कनाडा के लिए अपनी यात्रा शुरू कीए तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं इस तरह से अपनी कहानी को बताऊंगा। हम जिस तरह का संगीत बना रहे हैं उसके लिए इतना प्यार और पहचान पाकर मैं वास्तव में विनम्र और रोमांचित हूं। मेरा सपना हमेशा से ऐसा संगीत बनाने का रहा है जो पीढ़ियों तक जीवित रहे और लोगों को प्रेरित करे। यह पहली बार है जब मैं खुल कर दुनिया के सामने अपने विचार साझा कर रहा हूं।इसके लिए प्राइम वीडियो की टीम पैशन पिक्चर्स और सीरीज के निर्देशक जय अहमद को विशेष बधाई देता हूं जिन्होंने मुझे इतना सहज बनाया और जिनके साथ काम करने में मुझे मजा आया। यह 4.भाग वाली डॉक्यू सीरीज़ मेरे प्रशंसकों के लिए एक विशेष कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया है। मैं वास्तव में आशा करता हूं कि यह महत्वाकांक्षी कलाकारों को हमारे अनुभव से सीखने और बाहर जाकर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगा। चार भागों में बताई गई यह डॉक्यू सीरीज़ एपी ढिल्लों की पंजाब के एक छोटे से गांव गुरदासपुर से ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा के पहाड़ों तक की उल्लेखनीय यात्रा को दिखाती है जो उन्हें एक प्रसिद्ध वैश्विक संगीत सनसनी बनने के लिएए दर्शकों को साहस और ग्लैमर की एक झलक प्रदान करते हुए वह प्रयास और ऊर्जा, जिसने एपी को आज यहां तक पहुंचाया है। सिर्फएक आदर्श से कहीं बढ़करए प्रशंसक जिसका सांसें थामकर इंतजार कर रहे हैं हमें एक ऐसे युवा व्यक्ति को भी देखने का मौका मिलता है जिसे उसके परिवार और समुदाय द्वारा बहुत प्यार मिला है।

# Australia Squad for ODI World Cup 2023



As the much-awaited ICC Men's Cricket World Cup 2023 draws near, cricket enthusiasts worldwide are eagerly awaiting the action-packed tournament. The spotlight is on the participating teams as they finalize their squads to compete for cricket's most prestigious trophy. In an exciting development, Australia has officially announced its squad for the highly anticipated event.

The Australian cricket board revealed the squad on Monday, leaving fans thrilled with the mix of experienced players and promising talents. The 18-member squad is expected to present a formidable challenge to the other teams vying for glory in the tournament

Under ICC regulations squads must be finalised prior to September 28, with Australia's first game at this year's World Cup coming against hosts India in Chennai on October 8.

Captain Pat Cummins will be racing against the clock to be fit for that opening contest, after it was revealed the fast bowler picked up a fractured wrist during the recent Ashes series against England.Cummins has been advised to let the injured area rest for six weeks and the right-armer is hoping to return to playing prior to the commencement of the World Cup.

Australia will prepare for the World Cup with a five-match series against South Africa next month and the likes of Sangha and Hardie are sure to be given the chance to impress during those matches.While Sangha has been a part of previous T20I tours for Australia, he is yet to win a debut and could be another spin option alongside Ashton Agar and Adam Zampa on the spin-friendly Indian pitches sides are expected to encounter.Hardie is likely to be competing with the likes of Mitch Marsh, Marcus Stoinis and Glenn Maxwell for all-rounder places in Australia's side in India, while the omission of Labuschagne is a surprise as the right-hander has only missed eight 50-over contests for his country since debuting at the start of 2020.

**Australia's preliminary World Cup 2023 squad-**Pat Cummins (c), Sean Abbott, Ashton Agar, Alex Carey, Nathan Ellis, Cameron Green, Aaron Hardie, Josh Hazlewood, Travis Head, Josh Inglis, Mitchell Marsh, Glenn Maxwell, Tanveer Sangha, Steve Smith, Mitchell Starc, Marcus Stoinis, David Warner, Adam Zampa.Led by the astute Pat Cummins, the Australian team is packed with world-class players across all departments. The squad features a blend of seasoned campaigners who have proven their mettle on the grandest stages and young guns ready to make their mark on the world stage.In the batting department, the likes of David Warner, Steve Smith and Glenn Maxwell will provide the much-needed firepower. Their ability to consistently score big runs in pressure situations will be crucial for Australia's success.

The pace attack looks menacing with the likes of Cummins, Mitchell Starc and Josh Hazlewood forming a formidable trio that can trouble any opposition. Their pace, swing, and accuracy have troubled batsmen around the world, and they are set to be the key to Australia's bowling success.Spin bowling duties will be shouldered by Adam Zampa and Ashton Agar, who have proven their effectiveness in the limited-overs format. Their ability to control the middle overs and take crucial wickets will play a vital role in Australia's campaign.The Aussies will be eager to replicate their previous World Cup successes and add another title to their illustrious cricketing history.Australia is the most successful team in ODI cricket history, winning more than 60% of their matches, with a record seven World Cup final appearances (1975, 1987, 1996, 1999, 2003, 2007 and 2015) and have won the World Cup a record five times: 1987, 1999, 2003, 2007 and 2015.

# कभी कम कभी तेज धड़कन से पीड़ित महिला के लगाया पेसमेकर

## लाखों में कोई होता है पीएलएसवीसी श्रेणी का एक हृदय रोगी



अजमेर। सीनियर कॉडियो लॉजिस्ट डॉ राहुल गुप्ता ने पर्सिस्टेंट लेफ्ट सुपीरियर वेना कावा पी एलएसवीसी श्रेणी की महिला हृदय रोगी का अजमेर के मित्तल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सफलतापूर्वक उपचार किया। ऐसे हृदय रोगी लाखों में एक-दो ही होते हैं।शरीर में बाईं तरफ की नसें हृदय के दाएं हिस्से में नहीं जाकर बाएं तरफ ही रह जाने के कारण ऐसे रोगी दुलर्भ कहलाते हैं। ऐसी स्थिति में रोगी के पेसमेकर लगाते हुए बहुत ही मुश्किलों का सामना करना होता है। आमतौर पर इस तरह के प्रोसीजर बड़े चिकित्सा संस्थानों में किए जाते हैं जिसे आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता के चलते अजमेर में ही कर दिया गया। डॉ राहुल गुप्ता ने बताया कि महिला हृदय रोगी केसरगंज निवासी मधु जैन उनके पास आउटडोर में परामर्श के लिए आई थीं। महिला हृदय रोगी ने चक्कर आने और कभी बेहोश होने जैसी स्थिति की शिकायत की थी। रोगी उच्च रक्तचाप और मधुमेह रोग का उपचार पहले से ले रही थी। महिला की होल्टर जांच में पाया गया कि उनकी दिल की धड़कन असामान्य होने के अतिरिक्त अनियंत्रित भी थी। उन्हें पेसमेकर लगाए जाने की सलाह दी गई। डॉ. राहुल गुप्ता ने बताया कि मरीज एक दो दिन में लौटकर आने की बात कह कर घर चली गई थी किन्तु उन्हें अगले ही दिन इमरजेंसी में दोबारा लाया गया। इस अवस्था में मरीज के दिल की धड़कन कम हो गई थी और शरीर ठण्डा पड़ गया था। रोगी का तुरंत उपचार शुरू किया गया। उन्हें मशीनों पर निगरानी में रखा गया। इसी दौरान मरीज की धड़कन अचानक तेज हो गई। नियंत्रित करने के लिए बिजली के झटके देने पड़े। मरीज की पल्स कम व ब्लड प्रेसर अधिक रहने लगा। मरीज के अस्थाई पेसमेकर लगाने की तैयारी की गई। रोगी के परिवारजनों को सभी स्थितियों से अवगत कराया गया। डॉ राहुल के अनुसार रोगी के पैर से अस्थाई पेसमेकर डालने का निर्णय किया गया तो पेसमेकर का तार हृदय के दाएं चेम्बर में नहीं जा रहा था। यह बहुत ही जटिल था। आखिर तार को आरए ;राइट एट्रियम में डाल कर मरीज की स्थिति को नियंत्रित किया गया।जब स्थाई पेसमेकर लगाने का समय आया तो यहां रोगी के दुर्लभ श्रेणी के होने का पता चला। रोगी पर्सिस्टेंट लेफ्ट सुपीरियर वेना कावा श्रेणी का था। ऐसे अवस्था में रोगी की बाईं तरफकी जो नसें थीं वह हृदय के सीधे हिस्से में नहीं जाकर बाएं तरफ ही जा रही थीं। लाखों रोगियों में से एक-दो को ही ऐसी अवस्था होती है। इस तरह के मरीज को पेसमेकर लगाना बहुत मुश्किल होता है। मित्तल हॉस्पिटल में चूंकि आधुनिक चिकित्सा सेवा और सुविधाएं उपलब्ध हैं रोगी को यहीं उपचार लाभ दिया गया और अगले तीन दिन में छुट्टी दे दी गई।इस प्रोसीजर में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ अनुराग नेल्सन, डॉ राहुल चौहान, कैथलैब इंचार्ज प्रियंका टाक, वरिष्ठ कैथ लैब टेक्नीशियन दीन दयाल, दीपक नामा, नितिका,वरिष्ठ नर्सिंग स्टाफ गणपत वैष्णव, धर्मराजए नमोसिंह और अनिल कुमरावत का सराहनीय योगदान रहा।










## मुख्य परीक्षा में सफल रहे अभ्यार्थियों के साक्षात्कार 21 अगस्त से

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2021 की मुख्य परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का तृतीय चरण 21 अगस्त से छह सितंबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा।अभ्यर्थियों के साक्षात्कार.पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिए जाएंगे।

अजमेर मुख्यालय पर आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि तृतीय चरण में 352 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण.पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। वे अभ्यर्थी जिन्होंने विस्तृत आवेदन.पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किए हैं वे विस्तृत आवेदन.पत्र आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर साक्षात्कार के समय दो प्रतियों में मय समस्त प्रमाण.पत्रों की फोटो प्रतियों सहित आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

## अजमेर में मनचलों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश

अजमेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज्य में मनचलों के खिलाफ कार्यवाही के साथ सरकारी नौकरी नहीं देने वाले मीडिया बयानों के बाद अजमेर पुलिस हरकत में आई है। मुख्यमंत्री ने मनचलों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं।

अजमेर पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने जिले के सभी थानाधिकारीयों को मनचलों के खिलाफ सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। स्कूल एवं महाविद्यालय के बाहर खास निगरानी की हिदायत दी है। बच्चों को आत्मसुरक्षा के लिए शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने थानाधिकारियों को बच्चों को स्कूल प्रबंधन के साथ समन्वय बनाकर बच्चों को जागरूक करने के निर्देश जारी किए है।जाट ने बताया कि बच्चियों एवं महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों पर इससे अंकुश लगेगा। पुलिस स्कूलों महाविद्यालयों तथा ऐसे सार्वजनिक स्थानों जहां बच्चियों.महिलाओं की नियमित आवक जावक है पर खास निगरानी रखेगी।

## अतीक अहमद गैंग का सदस्य पप्पू गंजिया राजस्थान के अजमेर से अरेस्ट



अजमेर। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ;एसटीएफ ने माफिया अतीक अहमद गैंग के सक्रिय सदस्य और 50 हजार रूपए के इनामी बदमाश मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू गंजिया को सोमवार सुबह राजस्थान में अजमेर शरीफ दरगाह के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ प्रयागराज के अलग अलग थानों में करीब 40 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस को उसकी लंबे अरसे से तलाश थी।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रयागराज के नैनी क्षेत्र निवासी पप्पू गांजिया को एसटीएफ ने आज सुबह करीब पौने सात बजे दरगाह थाना क्षेत्र में फूलगली स्थित बागे.ए.रहमत होटल में धर दबोचा। उसे ट्रांजिट रिमांड पर प्रयागराज लाया जा रहा है। एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि पप्पू गंजिया राजस्थान एनसीआर क्षेत्र में छिपकर रह रहा है। सूचना के आधार पर एसटीएफ यूनिट गौतम बुद्धनगर एवं प्रयागराज ने त्वरित कार्यवाही करते हुए होटल बागे रहमतए फूलगली अजमेर राजस्थान से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। 51 साल का शातिर अपराधी कक्षा 8 पास है। 1989 में उसने ठेकेदारी के विवाद को लेकर गुलाम मेहरा की हत्या कर दी थी। इसके बाद वह अपराध की दुनिया में आगे बढ़ता गया। गंजिया धीरे-धीरे विवादित प्रापर्टीयों में दखल देने के साथ.2 रंगदारी, खनन एवं हत्या जैसे अपराधों में भी शामिल होने लगा और इस बीच उसके संबंध माफिया अतीक अहमद से गहरे होते गए।

पप्पू गंजिया 2022 में विशाल यादव नामक व्यक्ति से रंगदारी मांग रहा थाए जिसके सम्बन्ध में नैनी थाने में उसके खिलाफ धारा 386, 323, 504, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत हुआ था और इसी अभियोग में यह वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी के लिये 50 हजार रूपए का ईनाम घोषित था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजयसिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड, अजमेर 305001 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजयसिंह मो. 9887907277